—: प्रतिवेदन :—

नए सत्र के प्रारम्भ होने पर महाविद्यालय में स्नातक एवं स्नातकोत्तर प्रथम वर्ष में प्रवेश हेतु विद्यार्थियों को ऑन लाईन रजिस्ट्रेशन कराना होता है। यह रजिस्ट्रेशन विश्वविद्यालय के द्वारा किया जाता है।

महाविद्यालय में हेल्प डेस्क के माध्यम से छात्रों को ऑन लाईन रजिस्ट्रेशन एवं प्रवेश प्रक्रिया के संबंध में उचित मार्गदर्शन दिया जाता है तथा छात्रों की कठिनाईयों को दूर किया जाता है।

ऑन लाईन रजिस्ट्रेशन के पश्चात् विश्वविद्यालय के द्वारा महाविद्यालय को प्रथम वर्ष के छात्रों की सूची प्रदान की जाती है।

महाविद्यालय में गठित प्रवेश समिति के द्वारा आवेदन पत्रों की जांच की जाती है तथा प्राप्त अंकों के आधार पर रोस्टर का पालन करते हुए मेरिट सूची जारी की ज़ाती है। तत्पश्चात् छात्र के द्वारा महाविद्यालय द्वारा दिए गए चालान के माध्यम से प्रवेश शुल्क की राशि यूको बैंक में जमा की जाती है। छात्रों के द्वारा महाविद्यालय में प्रवेश के उपरान्त उन्हें समय सीमा में पहचान पत्र उपलब्ध कराया जाता है।

शासन के द्वारा जारी एकेडेमिक कैलेण्डर का पालन करते हुए महाविद्यालय में अध्यापन कार्य प्रारम्भ किया जाता है।

अध्यापन कार्य के साथ ही राष्ट्रीय सेवा योजना एवं रेडक्रास इकाई से संबंधित गतिविधियों का प्रचार प्रसार छात्रों के मध्य किया जाता है जिससे ज्यादा से ज्यादा छात्र इनसे जुड़ कर समाज सेवा का कार्य कर सके और अपने व्यक्तिव का विकास करें।

शासन के द्वारा खेल कूद प्रतियोगिताओं हेतु जारी कैलेण्डर के अनुसार महाविद्यालय में विभिन्न खेलों के लिए किया जाता है, जो टीम का गठन कर विभिन्न सम्भाग स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिताओं में महाविद्यालय का प्रतिनिधित्व करते है।

शासन के निर्देशानुसार कोरिया जिले का अग्रणी महाविद्यालय होने के कारण सम्भाग स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिताओं के आयोजन का दायित्व भी महाविद्यालय को दिया जाता है।

महाविद्यालय में प्रवेश किए प्रथम वर्ष के छात्रों का विश्वविद्यालय के द्वारा नामांकन किया जाता है। नामांकन हेतु छात्रों को सूचित करना तथा नामांकन मे आने वाली समस्याओं का निराकरण किया जाता है।

शासन के द्वारा जारी अकादमिक कैलेण्डर के अनुसार विभिन्न कक्षाओं में प्रवेश लिए छात्र/ छात्राओं का यूनिट टेस्ट, सेमीनार त्रैमासिक एवं अर्द्धवार्षिक परीक्षा तथा मुख्य परीक्षा के पूर्व परीक्षा आयोजित की जाती है तथा उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कर छात्र/ छात्राओं को उनकी कमियों को बताकर सुधार हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए जाते है।

राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा वर्ष भर नियमित गतिविधि कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है तथा साथ ही विशेष 7 दिवसीय शिविर एवं एक दिवसीय शिविर के आयोजन हेतु रूपरेखा तैयार कर ग्रामीण क्षेत्रों में शिविर का आयोजन किया जाता है। एन0 एस0 एस0 के द्वारा छात्रों के पौधारोपण एवं रक्त दान शिविर का आयोजन भी किया जाता है। समय– समय पर छ0ग0 शासन व जिला प्रशासन के निर्देश पर जागरूकता के कई कार्यक्रम आयोजित किए जाते है।

महाविद्यालय के वार्षिक स्नेह सम्मेलन के लिए समिति का गठन कर कार्यक्रम तय किए जाते है तद्नुसार सत्र के दिसम्बर/ जनवरी माह में वार्षिक स्नेह सम्मेलन का आयोजन किया जाता है।

विभिन्न शैक्षणिक, सांस्कृतिक, साहित्यिक व खेलकूद गतिविधियों का आयोजन सत्र में जुलाई से जनवरी माह के मध्य आयोजित किए जाते है। तत्पश्चात् फरवरी माह में प्रायोगिक परीक्षा हेतु छात्रों को मार्गदर्शन दिया जाता है तथा प्रायोगिक परीक्षाएं आयोजित की जाती है ।

शैक्षणिक सत्र में भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा जारी दिशा निर्देश के अनुसार महाविद्यालय के छात्र/ छात्राओं के द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान में सक्रिय भूमिका निभाई जाती है। इसी तरह जिला मुख्यालय बैकुण्ठपुर में आयोजित राज्योत्सव, युवा महोत्सव में भी महाविद्यालय के छात्र/ छात्राओं की सहभागिता सुनिश्चित की जाती है।

सत्र के अंत में माह मार्च/ अप्रैल में विश्वविद्यालय के द्वारा जारी, समय–सारिणी के अनुसार वार्षिक परीक्षा का आयोजन किया जाता है।

PRINCIPAL
Govt.R.P.S.Dev P.G.College
Baikunthpur, Korea (C.G.)